कार्यालय निदेशक माध्यमिक शिक्षा राजस्थान बीकानेर

क्रमांक – उनि/सशि/एफ–501/निशु/पापु/2021–22/ 103 दिनांक –30.12.2020

समस्त मुख्य जिला शिक्षा अधिकारी। **अति–आवश्यक**

विषय :– शैक्षिक सत्र 2021–22 में निःशुल्क पाठ्य पुस्तको की मांग के संबंध में शाला दर्पण पोर्टल पर आवश्यक् प्रविष्टि एवं दिनांक 31.12.2020 को आयोज्य वीडियों कॉफ्रेंसिंग बाबत।

प्रसंग :– इस कार्यालय का समसंख्यक पत्रांक – 92–92 दिनांक – 22.12.2020

उपर्युक्त विषयान्तर्गत प्रासंगिक पत्र द्वारा शैक्षिक सत्र 2021–22 में राजकीय विद्यालयों में अध्ययनरत कक्षा 1 से 8 के समस्त विद्यार्थियों एवं कक्षा 9 से 12 की समस्त छात्राओं, अनुसूचित जाति एवं जन जाति के समस्त छात्र एवं वे छात्र जिनके माता–पिता आयकर दाता नहीं है, को निःशुल्क पाठ्य पुस्तकें उपलब्ध करवायी जाने हेतु दिनांक 29.12.2020 तक निःशुल्क पाठ्य पुस्तकों की मांग फीड करने के विस्तृत दिशा–निर्देश जारी किए गए थे।

शाला दर्पण पोर्टल पर निःशुल्क पाठ्य पुस्तकों की मांग संबंधित रिपोर्ट के अनुसार आज दिनांक तक भी समस्त विद्यालयों द्वारा मॉड्यूल में मांग संबधी प्रविष्टि नहीं की गई है। शीतकालीन अवकाश के उपरान्त विद्यालय दिनांक 01.01.2021 को खुलने है। अतः समस्त संस्था प्रधानों को दिनांक 04.01.2021 तक मॉड्यूल में आवश्यक रूप से मांग संबंधी समस्त प्रविष्टियां पूर्ण करने के लिए निर्देशित करें। जिला स्तर पर समेकित ब्लॉक, कक्षा एवं विषयवार मांग दिनांक 05.01.2021 तक लॉक करते हुए मॉड्यूल पर प्रदर्शित अंतिम लॉक मांग का जिला, ब्लॉक कक्षा एवं विषयवार की सत्यापित प्रति जरिए ई–मेल दिनांक 05.01.2021 को कार्यालय छोड़ने से पूर्व प्रेषित करना सुनिश्चित करें।

शाला दर्पण पोर्टल पर निःशुल्क पाठ्य पुस्तक मॉड्यूल में मांग संबंधी प्रविष्टि की अद्यतन स्थिति की समीक्षा, स्माईल कार्यक्रम 2.0 तथा जिले में एसीआर प्रकरणों के संबंध में दिनांक 31.12.2020 को प्रातः 10:00 बजे से 12:00 बजे तक जिला मुख्यालय एवं पंचायत समिति मुख्यालय पर अवस्थित राजीव गांधी सेवा केन्द्रों पर वीडियों कॉन्फ्रेंसिंग आयोज्य है। उक्त वीडियों कॉन्फ्रेंसिंग में समस्त संयुक्त निदेशक, मुख्य जिला शिक्षा अधिकारी, सहायक निदेशक (कार्यालय मुख्य जिला शिक्षा अधिकारी), जिला शिक्षा अधिकारी माध्यमिक(मुख्यालय), जिला शिक्षा अधिकारी प्रारम्भिक(मुख्यालय) एवं मुख्य ब्लॉक शिक्षा अधिकारी, अतिरिक्त मुख्यालय ब्लॉक शिक्षा अधिकारी प्रथम व द्वितीय की सहभागिता सुनिश्चित करें।

(सौरभ स्वामी)
आई.ए.एस.
निदेशक माध्यमिकशिक्षा,
राजस्थान, बीकानेर

www.rajsevak.com

प्रतिलिपि अग्रांकित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही बाबत :–

1. निजी सचिव, श्रीमान निदेशक प्रारंभिक शिक्षा, राजस्थान, बीकानेर।
2. निजी सचिव, श्रीमान् सचिव, राजस्थान राज्य पाठ्य पुस्तक मण्डल, जयपुर।
3. निजी सचिव, श्रीमान् उपायुक्त, शाला दर्पण प्रकोष्ठ, राजस्थान स्कूल शिक्षा परिषद, जयपुर।
4. समस्त मण्डल संयुक्त निदेशक, स्कूल शिक्षा एवं जिला शिक्षा अधिकारी (मु0) प्रारम्भिक एवं माध्यमिक।
5. सिस्टम एनालिस्ट कार्यालय हाजा को विभागीय वेब साईट एवं शाला दर्पण पर अपलोड करने बाबत।
6. उपनिदेशक (माध्यमिक), कार्यालय हाजा।
7. सहायक निदेशक, एसीआर, कार्यालय हाजा।
8. समस्त मुख्य ब्लॉक शिक्षा अधिकारी।
9. रक्षित पत्रावली।

उपनिदेशक
समाज शिक्षा राजस्थान,
बीकानेर

कार्यालय का पता –निदेशक माध्यमिक शिक्षा, राजस्थान, बीकानेर, दूरभाष – 0151–2544164 ईमेल ad.soedu.dsc@rajasthan.gov.in

D:\books demand 2021-22\letter.docx